तापमान

अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, 8 सोमवार, जुलाई 2024

12 सामाजिक-धार्मिक व पारिवारिक कार्य कर ..



12 पेरिस ओलंपिक के लिए शूटर सरबजोत ..



## खबर संक्षेप

### पानीपत में सूने घर से नकदी व जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत की जसबीर कालोनी निवासी गुरविंद्र के घर से चोरों ने दो गैस सिलेंडर, एक अंगूठी, दो टॉप्स, एक जोड़ी कानों की बालिया व करीब 27 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। घटना के समय गुरविंद्र अपने परिवार समेत हरिद्वार में अपनी माता की रस्म क्रिया में भाग लेने के लिए गए गया हुआ था। इधर, तहसील कैंप थाना पुलिस ने गुरविंद्र की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रोडवेज बस चालक पर केस दर्ज

**इसराना।** करीब सप्ताह पूर्व प्रदेश के सीएम नायब सैनी के पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में बुलाए गए लाभार्थियों को ले जा रही एक निजी स्कूल बस डाहर शुगर मिल के सामने रोडवेज बस से टकरा गई थी। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा नौल्था गांव लाभार्थी घायल हुए थे। इस प्रकरण में पुलिस ने एक लाभार्थी सुभाष निवासी गांव नौल्था की शिकायत पर शनिवार रात रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अस्पताल के पास से गाड़ी चोरी

**बराडा।** एडवांस अस्पताल के पास से कार चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। शिव कॉलोनी के सुखबीर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त जसपाल सिंह की डिजायर गाड़ी मांग कर लाया था। उसने कार को एडवांस अस्पताल के सामने साइड में रोक दी। वह पानी पीने के लिए चला गया। इसके बाद उसकी गाड़ी चोरी हो गई।

# डबल इंजन की सरकार ने हर वर्ग का कल्याण किया:सीएम

## मुख्यमंत्री ने पानीपत में 32 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले लगभग 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने एक ऐसी व्यवस्था कायम की है, जिसमें हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया गया है और प्रदेश के विकास को नये आयाम दिये हैं। वर्तमान सरकार के लगभग 10 साल का कार्यकाल पिछली सरकारों के 48 वर्षों पर भारी पड़ा है। जितने विकास के कार्य इस सरकार के कार्यकाल में हुए हैं, उतने पहले कभी नहीं हुए। मुख्यमंत्री सैन, रविवार को जिला पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लगभग 227 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 32 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 36 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन और लगभग 191 करोड़ रुपये की लागत की 12 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों हेतु 10 करोड़ रुपये और पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए भी 10 करोड़ रुपये की राशि मंजूरी करने की घोषणा की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार, विधायक प्रमोद विज, भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र सलूजा, पूर्व मेयर अवनीत कौर, जिला महामंत्री कृष्ण छोकर किवाना आदि उपस्थित रहे।

- परियोजनाओं पर आएगी 227 करोड़ रुपये की लागत, पानीपत शहरी व ग्रामीण हलकों के लिए सीएम ने 10-10 करोड़ रुपये की ग्रांट मंजूर की

### सूबे का तेजी से हो रहा है विकास: सुधा

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। आज भी क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गांवों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार ड्रेनों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गति लाने के लिए सरकार ने निर्णय किया है कि टेंडर लगने के 10 दिन के अंदर यदि कार्य शुरू नहीं होता तो संबंकधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रदेश में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाशत नहीं किया जाएगा। यदि इस प्रकार की कोई शिकायत मिलेगी, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जल निकासी का ठोस प्रबंधन हो:ढांडा

हरियाणा के विकास एवं पंचायत राज्य मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने पानीपत वासियों को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि शहरों के साथ लगते गांवों में ड्रेनेज व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि 13-17 सेक्टर को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लिया था, उसका लगभग टेंडर हो गया है। इसके लिए सरकार ने लगभग 37 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की थी। यह हरियाण का सबसे अच्छा सेक्टर विकसित होगा। इसके लिए भी उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

### इन परियोजनाओं की दी सौगात

मुख्यमंत्री ने 36.55 करोड़ की लागत से 19 सडकों का उद्घाटन किया। इसमें रायपुर-कचरौली सडक, बुडशाम-नारायणा सडक, बबैल-पलहेड़ी सडक, जीटी रोड-अलीसागरपुर सडक, पट्टीकलियाणा-जीएवी कॉलेज सडक, जीटी रोड-पसीना कलां सडक, नामुडा-चुलकाना सडक, अतौलापुर संपर्क सडक, डडौला-सिमला गुजरान सडक, धनसौली-नागलापार सडक, नयाबांध-बिजावा सडक, कैत-बुआना लाखू सडक, नारायणा-गवालड़ा सडक, भादर संपर्क सडक, उरलाना खुर्द-डेरा बाजीपुर सडक, भादर-कालखा सडक, अलुपुर-अहर सडक, जवाहरा-परढाना सडक और कुराना-पलहेड़ी सडक शामिल हैं। उन्होंने 12 परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इनमें 11 करोड़ की लागत से चुलकाना, समालखा में आईटीआई का निर्माण, 7 करोड़ की लागत से पानीपत शहर में 24 ट्रांजिट फ्लैटों का निर्माण, 10.78 करोड़ रुपए की लागत से बिंझौल-महराणा सडक, महराणा-बुडशाम सडक, बराणा-राणा माजरा सडक, निमरी-कुराड़ सडक, गांजबड़-बराना सडक, बबैल-मोहाली सडक का शिलान्यास शामिल है। साथ ही, 11.40 करोड़ की लागत से एससी बस्ती में बुनियादी सुविधाओं का विकास, 44.52 करोड़ की लागत से पुरानी सब्जी मंडी में इनडोर स्टेडियम का निर्माण, 59.81 करोड़ रुपए की लागत से सेक्टर-12 में ऑडिटोरियम, मल्टीपर्पज हॉल और लाइब्रेरी का निर्माण और 13.51 करोड़ की लागत से सफीदों-जींद सडक की क्रॉसिंग पर कैरियर लाइन्ड चैनल के साथ फ्लाईओवर का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

## भाजपा प्रदेश में तीसरी बार भी सरकार बनाएगी: सैनी



मुख्यमंत्री नायब सिंह रावर रोड पर स्थित एक निजी पैलेस में विस्तारक जिला कार्यकारणी की बैठक के उपरांत लोगों की समस्यांए सुनते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि विपक्ष की सरकार ने अपने 60 साल के कार्यकाल में जितने कार्य करवाए उससे डबल विकास कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 10 साल में करके दिखाए है। इसके परिणामस्वरूप ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाई और अब हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह रविवार को रावर रोड पर स्थित एक निजी पैलेस में विस्तारक जिला कार्यकारणी की बैठक को सम्बोधित करने के उपरांत लोगों की समस्यांए सुन रहे थे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सांसद बनाकर तथा करनाल विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत के लिए बधाई दी और आभार जताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि वे अपने जोश को ठंडा न होने दें क्योंकि अगले तीन महिने के अन्दर हरियाणा विधानसभा के चुनाव होने है, उसी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने बुथ को मजबुत बनाते हुए फिर से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाए। मौके पर घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, इन्द्री के विधायक रामकुमार कश्यप ,भाजपा के प्रदेशउपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल व जिला प्रभारी भारत भुषण,जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ,मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला, चेयरपर्सन नर्मिल बैरागी, चेयरमैन यशपाल ठाकु र, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जय भगवान सिकरी, पूर्व मंत्री शशीपाल मेहता, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, सरदार बक्शीश सिंह वर्कि, जिले राम शर्मा, भगवान दास कबीर पंथी,`नूबाला गुप्ता, राजबीर शर्मा, प्रवीण लाठर, सुनील गुप्ता, जिला परिषद के चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, जिला मीडिया प्रमुख डा अशोक आदि मौजूद रहे।

## बाइकर्स गैंग ने दो महिलाओं से झपट लिए उनके पर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की रेलवे कॉलोनी में मुंह पर कपड़ा लपेटे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने राह चलते हुए एक महिला के हाथ से उसका पर्स झपट लिया। पर्स में दो हजार रुपये, मोबाइल फोन व कीमती दस्तावेज थे। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वहीं, मॉडल टाउन में गली में टहल रही महिला के हाथ से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों ने उसका पर्स छीन लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

- आरोपियों ने अलग अलग स्थानों पर दिया वारदात को अंजाम

जानकारी के मुताबिक शिवपुरी बी कॉलोनी निवासी राजकुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर से पैदल ही रेलवे कॉलोनी की ओर जा रही थी। इस दौरान जैसे ही वह रेलवे कॉलोनी में पहुंची तो पीछे से मुंह पर कपड़ा लपेटे हुए आए एक युवक ने अचाकन उसके हाथ से उसका पर्स छीन लिया और मोटरसाइकिल सवार अपने साथी के साथ बैठकर फरार हो गया। उसने आरोपी का पीछा किया। मगर वह भागने में कामयाब हो गया। उसने बताया कि पर्स में दो हजार रुपये मोबाइल फोन व कीमती दस्तावेज थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ झपटमारी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

उधर, माडल टाउन निवासी निर्मल खन्ना शनिवार की शाम को अपने घर से बाहर गली में टहल रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशो ने उसके हाथ से उसका पर्स छीन लिया और फरार हो गए। पर्स में हजारों रुपये व कीमती सामान था। पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## रिटायर कर्मचारियों ने मांगें न मानने पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन के सदस्य जिला स्तरीय मीटिंग में।

हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन की जिला स्तरीय मासिक मीटिंग नया बस स्टैंड परिसर में जिला चेयरमैन जगतार सिंह सोढ़ी की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव बरखाराम जास्ट ने किया। मीटिंग में विशेषतः प्रांतीय उप प्रधान प्रेम सिंह बेरथली मौजूद रहे। मीटिंग में जिला संगठन से संबंधित सभी ब्लॉकों से पदाधिकारियों व रिटायर कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रांतीय उप प्रधान प्रेम सिंह ने कहा कि प्रदेश भर से एक-एक कर्मचारी संगठन को मजबूत बनाने के लिए अहम भूमिका अदा कर रहा है। हरियाणा सरकार रिटायर कर्मचारियों की मांगों के प्रति लटकाऊ और टरकाऊ रवैया अपनाए हुए हैं, जिसके कारण संगठन से संबंधित प्रत्येक विभाग का रिटायर कर्मचारी रोष में है। प्रांतीय उप प्रधान ने हरियाणा सरकार को चेताते हुए कहा कि हरियाणा सरकार जल्द से जल्द रिटायर कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए संगठन को बातचीत के लिए बुला कर कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान जल्द से जल्द करें, अन्यथा रिटायर कर्मचारी संगठन आगामी समय में एक बड़ा आंदोलन करने पर विवश होगा। जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेवारी हरियाणा सरकार की होगी। मीटिंग में सुरेंद्र बारवा, सुरेंद्र वधवा, अवतार सिंह, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश कुमार, सोहन लाल गोयल, कर्मवीर, नाथीराम, अमृतलाल, गुरनाम सिंह आदि रिटायर कर्मचारी साथियों ने भाग लिया।

- सरकार पर रिटायर कर्मचारियों की मांगों के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप

## हाईकोर्ट में नौकरी लगवाने के नाम पर दो लोगों से आठ लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में नौकरी लगवाने के नाम पर 2 लोगों से 8 लाख की धोखाधड़ी हो गई। बलदेव नगर पुलिस ने सेठी एनक्लेव के बिजेंद्र सिंह की शिकायत पर पंजाब के फतेहगढ़ के चेतन भारद्वाज व चंडीगढ़ सेक्टर-45 के राजदीप सिंह पर केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक वह दल्ली रोडवेज में टेंपरेरी तौर पर ड्राइवर है और उसकी जानकार नर्मिल कौर उनके घर के पास ही सिटी के सेठी एंकलेव में रहती थी। जो अब खरड़ में रहती है। अगस्त 2023 में उसने बताया था कि उनके किरायेदार राजदीप सिंह हाईकोर्ट में वकील के पास काम करते हैं और राजदीप का दोस्त चेतन प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। उनकी हाईकोर्ट में अच्छी जान पहचान है। नर्मिल के कहे अनुसार उसने राजदीप व चेतन से मोबाइल फोन पर बात की। उसे बताया कि हाईकोर्ट में बैकडोर से चपड़ासी की नौकरी लगवा देंगे और प्रति व्यक्ति कुल 6 लाख लगेंगे। उन्होंने कहा कि 4-4 लाख एडवांस लेंगे और थर्ड पार्टी एग्रीमेंट लिखेंगे जिसमें नौकरी के बजाय बिना ब्याज पर लोन लेने का हवाला देंगे। वह पत्नी रेखा व रशितेदार मंगल सिंह और उनके बेटे आकाश के साथ चंडीगढ़ गए। एग्रीमेंट तैयार किए और 4-4 लाख दोनों ने चेतन भारद्वाज के खाते में ट्रांसफर किए। बाद में आश्वासन देते रहे लेकिन उन्हें नौकरी नहीं लगवाया। इसके बाद करनाल कोर्ट में नौकरी के लिए आवेदन कराया। जन्होंने इंटरव्यू दिलाकर नौकरी का प्रबंध करने की बात कही लेकिन इंटरव्यू वाले दिन फोन नहीं उठाया। सक्योरिटी के तौर पर दिए चेक भी बाउंस हो गए। अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ जांच कर रही है। पुलिस की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू किया जाएगा।

- पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

### सैर पर निकले युवक की हादसे में मौत

**अंबाला।** युवक को दूध की वैन ने कुचल दिया। युवक अपने दोस्तों के साथ साइकिल पर सैर करने के लिए निकला था। वैन का टायर युवक के सिर के ऊपर से गुजरा। अंबाला सिटी के बलदेव नगर में किराए पर रह रहे भीमकेसी ने बताया कि वह मंडौर दवाई की फैक्ट्री में काम करता है। उसके पास 2 बेटी और एक 17 साल का बेटा गंभीर था। गंभीर सभी बच्चों में सबसे छोटा था। गंभीर आज रविवार सुबह को अपने दोस्त राहुल व शुभम के साथ साइकिल पर सैर करे लिए निकला था। वह भी बच्चों के पीछे-पीछे पुलिस लाइन के पास साइकिल पर सैर कर रहा था। वे सभी कालका चौक अंबाला सिटी पहुंचे। उन्होंने बताया कि यहां बलदेव नगर थाने की तरफ से दूध की एक गाड़ी आई। गाड़ी पर मदर डेयरी लिखा हुआ था। गाड़ी ने उसके बेटे गंभीर को आगे से टक्कर मारी। हादसे में गाड़ी का पिछला टायर उसके बेटे के सिर के ऊपर से गुजर गया। वह अपने बेटे को संभालने लगा, इसी बीच आरोपी गाड़ी चालक राजपुरा पंजाब की तरफ फरार हो गया।

**बैठक** | करनाल के डेरा कार सेवा में सिखों की हुई प्रदेश स्तरीय बैठक

## हरियाणा के सिखों ने राजनीतिक भागीदारी के अलावा रखी कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



करनाल के डेरा कार सेवा में प्रदेश स्तरीय बैठक करते सिख समुदाय के लोग।

हरियाणा के सिखों ने अपने हक़ों की लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। जिसे लेकर आज करनाल के डेरा कार सेवा में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में मांग रखी गई कि हरियाणा में 15-20 विधान सभा सीटों में सिख बड़ी गिनती में हैं, आने वाले विधान सभा चुनावों में यहां से सिख उम्मीदवार उतारे जाएं। अगर कोई सीट रिज़र्व हो तो ऐसी सीट पर रिज़र्व सिख जैसे मज़हबी, रविदासिया, शिक्लीघर आदि को टिकट दी जाए। अगली लोकसभा में सिख समुदाय के दो प्रतिनिधियों को टिकट मिले व राज्य सभा में भी हरियाणा के सिख समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाये. पंजाबी को दूसरी भाषा का दर्जा प्राप्त है लेकिन सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में पंजाबी के टीचर नहीं हैं। पंजाबी टीचर भर्ती का रिजल्ट भी लंबित है। पिछला रिजल्ट निकाला जाए व जिन सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में पंजाबी टीचर नहीं हैं वहाँ पोस्ट दी जाए। पंजाबी साहित्य अकादमी को पहले की तरह स्वतंत्र प्रभार दिया जाए ताकि पंजाबी भाषा के विकास के कार्य हो सकें। सोशल मीडिया पर सिख धर्म, गुरु साहेबान, सिख क़ौम के बारे ग़लत प्रचार करने व सिखों को टारगेट बनाकर व गलत शब्द इस्तेमाल कर हमला करने पर सख़्त कारवाई करने के लिए हर ज़िले में एसआईटी का गठन किया जाये। परीक्षाओं में अमृतधारी बच्चों के ककार न उतरवाने के लिये स्पष्ट नर्दिश दिये जायें व ऐसा करने पर संबंधित अधिकारी के ख़िलाफ़ क़ानूनी व विभागीय कारवाई. राज्य में अल्पसंख्यक आयोग का गठन, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में हरियाणा के सिखों को प्रतिनिधतिवि, सिख आबादी वाले सभी ज़िलों में सिख कम्युनिटी सेंटर बनाने के लिए सरकारी स्थान व अन्य जातियों को दी गई ग्रांट की तर्ज़ पर ग्रांट तथा हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव अति शीघ्र करवाए जाए। उपरोक्त माँगों की पूर्ति के लिए हरियाणा की सिख संगत प्रदेश के हर ज़िले से सिख चुनिंदा सिख प्रतिनिधि लेकर 51 सदस्यीय कमेटी घोषित करेगी।

### बैठक में ये रहे मौजूद

आज की बैठक में इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु, किसान नेता जगदीप सिंह औलख, किसान नेता अमृत सिंह बुग्गा, युवा सिख नेता सुरेंद्र पाल सिंह रामगढ़िया, गुलाब सिंह मूनक, कँवलजीत सिंह अजराना, मनजीत सिंह कानपूरी, कुलदीप सिंह, कुलवंत सिंह हिसार, बोहड़ सिंह बख्तला, जगजीवन सिंह कैथल,तखविंदर सिंह दरड़, कुरुक्षेत्र बार के पूर्व प्रधान गुरतेज सिंह सेखों, युवा सिख नेता अमृतपाल सिंह, जत्थेदार अमीर सिंह घरोंडा, निरंदर सिंह पानीपत, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी जगतार सिंह संधु, हेड ग्रंथी सूबा सिंह, तेजिंदर सिंह कैथल सहित अन्य बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखे। हरियाणा की सिख लीडरशिप, बुद्धि जीवी सिखों, सिख सरपंचों, ज़िला परिषद सदस्यों, गुरुद्वारा कमेटियों उनके साथ रामगढ़िया सभा के प्रधान कुलवंत सिंह कलेर, लक्खविंदर सिंह पानीपत, तेजिंदर सिंह पानीपत, भूपिंदर सिंह, गुरुद्वारा इसराना साहिब से मनजीत सिंह, सिख नेता बलदेव सिंह बरियार, गुरु नानक सेवक जत्थे से अमनदीप सिंह मद्धिा, गुरु नानक सेवा सोसायटी से जातिंदर सिंह, ब्लेसिंग फाउंडेशन से गुरकिरत सिंह, दशमेश अखाड़ा से सुरजीत सिंह, सिख फोरम से इक़बाल सिंह, मीत ग्रंथी गुरप्रीत सिंह, परमजीत सिंह आहूजा, मनिंदर सिंह, मनजीत सिंह सोनी आदि मौजूद रहे

## शंभू बॉर्डर पर पुलिस पर हमला करने के आरोपी युवा किसान को मिली जमानत

### दूसरे केस में युवा किसान को अभी रहना होगा जेल में

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

युवा किसान नवदीप जलबेहड़ा को हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं के तहत दर्ज केस में जमानत मिल गई है। पुलिस ने इसी साल 15 फरवरी को सदर थाना में यह केस दर्ज किया था। इससे पहले इसी मामले में गुरकीरत शाहपुर को भी जमानत दी गई थी। हालांकि, नवदीप को सदर थाना में दर्ज एक अन्य केस में अभी जेल में रहना पड़ेगा।

नवदीप व गुरकीरत शाहपुर को पुलिस ने मोहाली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। इससे पहले 10 जून को नवदीप की जमानत लगाई गई थी लेकिन नामंजूर हो गई थी। एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि उन्होंने कोर्ट को बताया मामले में हत्या के प्रयास की धारा नहीं बनती। इसका कोई मेडिकल एविडेंस नहीं है। कथित घटना के स्थान पर पुलिस ने कई कैमरे और ड्रोन कैमरे लगाए थे, जिनके माध्यम से प्रत्येक गतिविधि को रिकॉर्ड किया गया। पुलिस की तरफ से जमानत का डट कर विरोध किया गया और कोर्ट को बताया नवदीप सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों को भड़काने का आदी है और इसलिए जमानत मंजूर की जाए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत दे दी। हालांकि 13 फरवरी की 40 नंबर एफआईआर में जमानत नहीं होने से नवदीप को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। जिस मामले में नवदीप को जमानत मिली है उसमें उस पर आरोप थे कि उसने शंभू बॉर्डर के पास धारा 144 का उल्लंघन करते हुए बैरकेड्स तोड़े और पथराव व तलवारों से हमला कर पुलिस बल को घायल किया था। इसी के तहत पुलिस ने आरोपी को चंडीगढ़ से काबू किया था।

बता दें कि युवा किसान नवदीप की रिहाई के लिए किसान लगातार पुलिस पर दबाव बना रहे हैं। इसको लेकर 17 को एसपी ऑफिस के घेराव करने का भी ऐलान किया गया है।

- रिहाई के लिए किसान संगठन बना रहे हैं पुलिस पर दबाव, 17 को एसपी ऑफिस के घेराव का भी हुआ ऐलान

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में चढ़ते समय गिरने से व्यक्ति की मौत



**यमुनानगर।** जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ते समय एक व्यक्ति की गाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी बोधराज ने बताया कि सहारनपुर निवासी राजेश पटियाला से अपनी बेटी के साथ ट्रेन में वापस घर लौट रहा था। रास्ते में जगाधरी वर्कशॉप स्टेशन पर ट्रेन रूकी तो वह पानी पीने के लिए नीचे उतर गया। पानी पीने के बाद जैसे ही वह ट्रेन में चढ़ने लगा तो गाड़ी चल पड़ी और वह नीचे गिरकर उसकी चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे ट्रामा सेंटर में ले जाया गया। मगर हालत ज्यादा चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने उसे पीजीआई के लिए रैफर दिया। मगर उसकी मौत हो गई।

### एडीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया मुआयना

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा की नोडल अधिकारी अपराजिता ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा जुलाई-2024 के दृष्टिगत रविवार को कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एडीसी ने परीक्षा के दृष्टिगत सबसे पहले डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर व पीकेआर जैन सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में बनाए गए केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीटिंग प्लान, सीसीटीवी, जैमर व अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी हासिल की।

### तीन लाख ऋण देने की योजना शुरू

**अंबाला।** प्रदेश सरकार द्वारा विधवा व तलाकशुदा महिलाओं के लिए चलाई गई ऋण योजना की जानकारी देते हुए जिला उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से विधवा व तलाकशुदा महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने हेतू बैकों के माध्यम से 3 लाख रुपये तक के ऋण दिलवाने की योजना शुरू की गयी है, अम्बाला के लिये वित्त वर्ष 2024-2025 का 50 केसों का लक्ष्य रखा गया है।

### जगाधरी में आयोजित हुई व्यापारियों की बैठक

# व्यापारी वर्ग राष्ट्र के विकास की है सशक्त कड़ी: मित्तल

**बैठक में व्यापारियों ने बैठक में अतिक्रमण समेत अन्य समस्याओं को लेकर मंगलवार को उपायुक्त से मिलने का लिया निर्णय, मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह मित्तल ने की बैठक की अध्यक्षता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित व्यापारियों की बैठक में अपनी समस्याएं रखते हुए व्यापारी। फोटो: हरिभूमि

उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के बैनर तले रविवार को जगाधरी में व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को रखा। साथ ही व्यापारियों ने शहर अतिक्रमण होने से नागरिकों को आ रही परेशानियों को दूर करने की बात कही। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में पहुंचे मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह मित्तल ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि मंगलवार को उनकी समस्याओं को लेकर जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिलकर समस्या का समाधान करवाए जाने की मांग की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जगाधरी उद्योग व्यापार मण्डल के प्रधान कमल तनेजा व सचिव अंकुर माहेश्वरी ने की।

मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह मित्तल ने कहा कि व्यापारी वर्ग राष्ट्र के विकास की रीड की हड्डी है। व्यापारी वर्ग देश की जीडीपी बढ़ोतरी में भागीदारी निभाता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी हमेशा सरकार का सहयोग करते हैं। भारत सरकार की सभी नीतियों का पालन करते हैं।

सभी लाइसेंस लेते हैं और समय से राजस्व भी जमा करते हैं। महेंद्र मित्तल ने कहा कि शहर में अतिक्रमण की गतिविधियों को दूर करवाया जाएगा। उन्होंने जगाधरी के लोगों से शहर की अतिक्रमण की समस्या को दूर करवाए जाने के अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उद्योग व्यापार मंडल का प्रत्येक कार्यकर्ता व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ा है। उन्हें किसी परेशानी का सामना नहीं करने दिया जाएगा।

मित्तल ने कहा कि मंगलवार को जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया को व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौके पर आशीष मित्तल ने कहा की पिछले कुछ सालों से बाहर के अनजान लोग आकर सरकारी राजस्व की चोरी करते हुए घटिया क्वालिटी का सामान बेचने लगे हैं। इस गंभीर विषय का भी समाधान करवाया जाएगा। वहीं, कमल तनेजा व अंकुर माहेश्वरी ने कहा की व्यापारियों की समस्याओं को दूर करवाने के लिए हम सभी को एकत्र होकर कार्य करना होगा। ताकि व्यापारियों की समस्या दूर हो सके।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते पूर्व कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## हाथरस में हुए हादसे के प्रति जताया शोक

- हरियाणा पेंशन वेलफेयर सोसायटी की मासिक बैठक का हुआ आयोजन
- कैश लेस देने का निर्णय जल्द लागू किया जाये, कैश लेस का लाभ ओपीडी पर भी मिलना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

हरियाणा पेंशन वेलफेयर सोसायटी की ओर से रविवार को रादौर की कांबोज धर्मशाला में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप प्रधान कुलदीप शर्मा ने की। बैठक में हाथरस में हुई 122 लोगों की मृत्यु होने पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। वहीं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। बैठक में सोसायटी सदस्यों ने मांग की कि सर्वप्रथम माननीय हाई कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार कांबोटेशन राशि अब 10 वर्ष 8 महीने की कटनी चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि यह निर्णय सभी पेशनरों पर लागू किया जाये। जिनकी कांबोटेशन 15 वर्ष कटी है, उनकी बकाया राशि वापिस की जाये। 65, 70, 75 वर्ष पर 15, 10, 15 प्रतिशत आयु पर दूसरे राज्यों की तरह लागू किया जाये। मेडिकल भत्ता 3 हजार रूपये किया जाये। कोर्ट के निर्णय को सभी पर लागू किया जाये। कैश लेस देने का निर्णय जल्द लागू किया जाये। कैश लेस का लाभ ओपीडी पर भी मिलना चाहिए। मौके पर बलजीत रोहिला, कुलदीप शर्मा, सतपाल अलीपुरा, मोलूराम, रामेश्वर, ऋषिपाल, कृष्णलाल, राजकुमार, नरोतम, अमृतलाल, राजपाल व योगेश दत्त आदि मौजूद थे।

## तपड़ापुर में हुई किसान गोष्ठी

- कृषि विज्ञान केंद्र दामला द्वारा गांव तपड़ापुर में किसान गोष्ठी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। गांव तपड़ापुर में आयोजित किसान गोष्ठी में किसानों को खेत से खरपतवार को नष्ट करने की जानकारी देते हुए वैज्ञानिक। फोटो: हरिभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र दामला के तत्वावधान में गांव तपडापुर में धान में एकीकृत खरपतवार प्रबंधन विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र दामला के मुख्य समन्वयक डॉ. संदीप रावल ने किसानों को खरपतवार प्रबंधन की जानकारी दी गई। केंद्र दामला के मुख्य समन्वयक डॉ. संदीप रावल ने खरपतवार प्रबंधन के बारे में बताया कि धान लगाने से पहले खेत जुताई करके उसे खुला छोड़ना चाहिए। जुताई के बाद खेत को खुला छोड़ने से कुछ मात्रा में खरपतवार के बीज नष्ट हो जाते हैं। इसके बाद खेत की सिंचाई कर दें और खरपतवारों के बीजों को अंकुरित होने दें। जब खरपतवार के बीज अंकुरित हो जाएं तो खेत की जुताई करके उन्हें नष्ट कर दें। इससे यह हरि खाद का भी कार्य करेंगे और खरपतवार भी दोबार उगकर फसल की पैदावार को प्रभावित नहीं करेगा। उन्होंने बताया यदि धान की सीधी बिजाई करनी है तो खरपतवारनाशी का तुरंत छिड़काव करें। यदि धान की रोपाई परंपरागत प्रणाली से की गई है तो रोपाई के तुरंत बाद खरपतवारनाशी का छिड़काव करें। बीज की मात्रा या रोपाई में पौधे से पौधे व पंक्ति से पंक्ति की दूरी कम रखने से भी खरपतवार को प्रतिस्पर्धा के माध्यम से उनकी बढ़वार को कम किया जा सकता है। यदि इसके बाद भी खरपतवार खेत में हो जाए तो चौड़ीपत्ती वाले खरपतवार व सकरीपत्ती वाले खरपतवार को देखते हुए खरपतवारनाशी का छिड़काव करें। डॉ. रावल ने बताया कि यदि 30 से 35 दिन बाद खेत में खरपतवार दिखाई दे तो खरपतवारों को हाथ से निकलकर नष्ट करें। रासायनिक दवाइयों का छिड़काव इस अवस्था में बिल्कुल भी ना करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर मृदा विशेषज्ञ डॉ. विशाल गोयल ने धान में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## मिलकर किए जाएंगे बाढ़ राहत के कार्य

- रेडक्रास भवन में आयोजित हुई बाढ़ राहत कार्यों से संबंधित बैठक
- बैठक में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। रैडक्रास भवन में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि। फोटो: हरिभूमि

जिला रैडक्रास भवन में बाढ़ राहत कार्यक्रम से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता रैडक्रास सचिव रणदीप सिंह ने की। रैडक्रास सचिव रणदीप सिंह ने बताया कि उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के दिशा निर्देश के तहत भविष्य में बाढ़ जैसी त्रासदी से निपटने के लिए जिले की सभी स्वंयसेवी संस्थाओं, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर राहत कार्य किए जाएंगे। उन्होंने सामाजिक व धार्मिक प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वह सभी प्राकृतिक आपदा के समय जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस का बढ़चढ़ कर सहयोग करें। ताकि बाढ़ जैसी आपदा से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी के एकजुट होकर कार्य करने से किसी भी आपदा से आसानी से निपटा जा सकता है और लोगों की जानमाल की सुरक्षा हो सकेगी। मौके पर संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आपदा के समय प्रशासन का हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधियों ने कहा कि सहायता सामान आवश्यक्ता अनुसार संस्थाओं के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में उपलब्ध करवा दी जाएगी। सचिव रणदीप सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों का जिला प्रशासन एवं रेडक्रास की ओर से आभार व्यक्त किया। मौके पर सनातन धर्म महाबीर दल से सतवंत सिंह सूदन, बल्ड डोनर वैल्फेयर फाउंडेशन की ओर से संजीव मेहता, रोड़ सेफ्टी आग्रेनाइजेशन की ओर से अवतार सिंह चुघ, पर्यावरण मित्रा फाउंडेशन की ओर से चिरांग सिंगल, गुरूद्वारा सेक्टर 17 हुडा से सुरेन्द्र सिंह, रोटरी कल्ब रोविरा से संजीव सेठी, जब्बीवाला गुरुद्वारा से गुलजार सिंह, जागृति फाउंडेशन से अमित भाटिया, लीव टू गैदर फाउंडेशन से पंकज बक्शी, लाल द्वारा मंदिर से देवेन्द्र पाल, कर्मयोगी एसोसिएशन से अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

## पारस के समान शिष्य को कुंदन बनाता है गुरू : ग्रोवर

### रादौर के संत निरंकारी भवन में हुआ सत्संग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- सद्गुरु का अवतरण जनकल्याण के लिए होता है



यमुनानगर। आयोजित सत्संग के दौरान प्रवचन करते निरंकारी मुखी पवन ग्रोवर। फोटो: हरिभूमि

संत निरंकारी भवन के मुखी पवन ग्रोवर ने रविवार को आयोजित सत्संग में बताया कि निरंकार प्रभु परमेश्वर इंसान का वास्तविक स्वरूप है। निराकार होते हुए भी यह सभी आकारों का आधार एवं कारण भी है और एक गुरसिख के लिये भक्ति का मुख्य आधार केवल निरंकार ही है। ग्रोवर ने कहा कि सदगुरू पारस के समान है जो शिष्य को कुंदन बना देता है। पारस के सम्पर्क में आने से साधारण लोहा भी सोने में परिवर्तित हो जाता है। पारस की प्रमाणिकता भले ही सन्देह के घेरे में हो सकती है, परन्तु समय का सद्गुरू असंख्य लोगों की जिंदगी को बदल देने का सामर्थ्य रखता है। उन्होंने कहा कि सद्गुरू का अवतरण जनकल्याण के लिए होता है, इसलिए जब कोई इन्सान सदगुरू की शरण में पूर्ण श्रद्धा सहित समर्पित होता है, तब सद्गुरू उसे अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं।

## ग्रामीणों को दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

- जिला में सूचना,जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है प्रचार अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। ग्रामीण इलाकों में गीतों के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए सांस्कृतिक टीम। फोटो: हरिभूमि

जिला सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत विभाग की टीमों द्वारा लोक गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। जिले में अभियान के तहत सात सांस्कृतिक टीमें अलग अलग गांव में जाकर पिछले कई दिन से ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी दे रही हैं। एआईपीआरओ मनोज पाण्डेय ने बताया कि विभाग के महानिदेशक मंदीप बराड़ व उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के दिशा निर्देशों अनुसार विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला के गांवों में सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के तहत जिले के करीब 220 गावों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। भजन पार्टी सरकारी कल्याणकारी नीतियों के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने और नागरिकों से नशे से दूर रहने का आह्वान भी कर रही हैं। ग्रामीणों से जल संरक्षण करने, कन्या भ्रूण हत्या न करने और दहेज प्रथा को मिटाने की अपील की जा रही है।

### लोक शैली में दी जानकारी

इस दौरान कलाकारों द्वारा सरकार की जनहितकारी नीतियों, उपलब्धियों व घोषणाओं आदि का विशेष विकास गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर लोक शैली में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि विशेष प्रचार अभियान के तहत नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इन सांस्कृतिक टीमों के कलाकारों ने नागरिकों को अंत्योदय योजनाओं. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, पीएम किसान सम्मान स्वनिधि योजना, हैप्पी कार्ड योजना व समाधान शिविरों का आयोजन बारे विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

### घर में घुसकर चोरों ने उड़ाए नकदी व सामान

**यमुनानगर।** जिले के बुड़िया में बीती रात चोरों ने एक घर में घुसकर 83 हजार रुपये की नगदी समेत हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक बुड़िया निवासी रीतू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह अपने घर में सोई हुई थी। सुबह उठकर उसने देखा कि घर से दूसरे कमरे का दरवाजा खुला पड़ा था। उसने कमरे में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। उसने सामान की जांच की तो कमरे की अलमारी में रखे 83 हजार रुपये, सोने चांदी के गहनें व अन्य कीमती सामान गायब था। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

**धर्मकर्म** | जगाधरी में आयोजित किया साप्ताहिक संकीर्तन कार्यक्रम

## आत्मिक बोध जागृत होने पर परमात्मा की खोज के लिए अग्रसर होती है आत्मा: भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संकीर्तन कार्यक्रम में श्रवण करती साध संगत।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में साप्ताहिक संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान साध्वी नीरू भारती ने आत्मा और परमात्मा के भेद को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने अपने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। साध्वी नीरू भारती ने फरमाया कि आत्मा चौरासी लाख जन्मों में भटकते भटकते जब मानव तन को प्राप्त करती है तो वह अपनी वास्तविक पहचान भूल चुकी होती है। वह तब तक केवल इस भौतिक शरीर और इसकी जरुरतों तक ही सीमित रहती है। जब तक हम अपनी वास्तविक पहचान को प्राप्त नहीं करते हैं। जब हमारे सन्मुख किसी प्रियजन की मृत्यु होती है या हमारी किसी प्रिय वस्तु का विनाश होता है तब हमारे मन में संसार की नश्वरता का विचार आते ही क्षणिक वैराग्य और आत्मिक बोध जागृत होता है। जो हमें आत्मा और परमात्मा की खोज की ओर अग्रसर करता है। यह हमारे सामने सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा करता है कि मैं कौन हूं और कहां से आया हूं। इस जन्म से पहले मैं कहां था और मृत्यु के पश्चात कहां जाऊंगा। मृत्यु के समय शरीर से कौन सी शक्ति कहां चली जाती है यह सभी प्रश्नों के उत्तर हमारे संत महापुरुष और शास्त्र देते हैं। वे समझाते हैं कि आत्मा परमात्मा का अंश है। लेकिन अज्ञानतावश किए गए कई जन्मों के कर्म संस्कारों के बोझ तले वह इतना दब जाती है कि अपना वास्तविक स्वभाव ही भूल जाती है। जब जीवन में ब्रह्मनिष्ठ संत आते हैं तो वे हमें हमारा परम लक्ष्य बताते हैं। गुरू ही हमारे उन कर्म संस्कारों पर कार्य करते हैं जो हमें परमात्मा से दूर रखते हैं।

## अस्पताल के कर्मचारी पर दर्जन भर से अधिक युवकों ने हमला कर किया घायल

### गंभीर हालत में पीड़ित कर्मचारी को अस्पताल में करवाया दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने एक आरोपी को नामजद करते हुए दस-पंद्रह अन्य के खिलाफ किया मामला दर्ज

जिला नागरिक अस्पताल में ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहे एक कर्मचारी पर रास्ते में दस पंद्रह युवकों ने डंडो व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। गंभीर हालत में पीड़ित को अस्पताल में भरती करवाया गया।

पुलिस ने मामले में एक युवक को नामजद करते हुए दस पंद्रह अन्य युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिकक टेही जट्टान निवासी विकास कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जिला नागरिक अस्पताल में नौकरी करता है। उसका पिछले काफी समय पहले उसका लविस के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसी झगड़े की वजह से आरोपी लविस उससे रंजिश रखता है।

बीती शाम वह अस्पताल से ड्यूटी समाप्त करके घर लौट रहा था। रास्ते में उसे मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए दस पंद्रह युवकों ने रोक लिया। इस दौरान लविस भी उनमें शामिल था।

इससे पहले वह कुछ समझ पाता आरोपियों ने उस पर डंडो व धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सूनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी अपनी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर भाग गए। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी लविस को नामजद करते हुए दर्जन भर से अधिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## खबर संक्षेप



### स्वीटी रंगा ने कांग्रेस की नीतियों का किया प्रचार

**कुरुक्षेत्र।** हल्का शाहाबाद के गांव मामू माजरा में कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। स्वीटी रंगा ने बताया कि हरियाणा में बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी क्योंकि मौजूदा सरकार की नीतियों से समाज का हर वर्ग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि आज युवा बेरोजगार घूम रहे हैं और हर तरफ महंगाई की मार पड़ रही है। स्वीटी रंगा ने हल्का शाहाबाद के युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि नशे से दूर रहें क्योंकि शाहाबाद हल्के में नशा आज चरम सीमा पर है। इस कारण कई घर और जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं। स्वीटी रंगा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने मन बना लिया है कि अब की बार कांग्रेस सरकार बनेगी।

### उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना आवेदन आमंत्रित

**कुरुक्षेत्र।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना सैन्ट्रल सैक्टर स्कीम ऑफ स्कोलरशीप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी स्टुडेंट के अंतर्गत वर्ष 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्कीम के लिए फ्रैश छात्रवृत्ति के पात्र छात्र-छात्राओं की मैरिट कट ऑफ बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट बीएसईएच.ओआरजी.इन पर उपलब्ध है।
उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ रिन्यूअल के पात्र छात्र-छात्राएं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में दिशा निर्देश नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल- स्कॉलरशिपस.जीओवी.इन पर उपलब्ध हैं।

### बाल भवन पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

# प्री.नर्सरी में अनिका सिंह व नर्सरी क्लास में वर्तिका ने मारी बाजी

**तीसरी कक्षा में रुही ने प्रथम व चौथी कक्षा में अंशिका ने प्रथम, स्वेता ने द्वितीय व पार्थ ने तीसरा स्थान प्राप्त**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल भवन पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्री.नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। स्कूल प्राचार्य उमेद सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि चित्रकला द्वारा विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगों के सुंदर व आकर्षक मेल को दिखाकर सबका मन मोह लिया।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में बनाए पोस्टर दिखाते बच्चे।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्री.नर्सरी में अनिका सिंह प्रथम, अयांश द्वितीय, नर्सरी कक्षा में वर्तिका प्रथम, स्वाधीनता द्वितीय, रक्षिता ने तृतीय स्थान, केजी कक्षा में देविका प्रथम, जियांशी द्वितीय, कपिल तृतीय, पहली कक्षा में शिवाय प्रथम, दक्ष वर्मा द्वितीय, गणिका तृतीय, दूसरी कक्षा में वेदांशी प्रथम, नव्या द्वितीय, धैर्य तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार तीसरी कक्षा में रुही ने प्रथम, कुशाग्र ने द्वितीय, खुशी सैनी ने तृतीय स्थान, चौथी कक्षा में अंशिका ने प्रथमए स्वेता ने द्वितीय व पार्थ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



### जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित किए स्कूल बैग

**कुरुक्षेत्र।** बच्चे देश का भविष्य होते है। यदि प्रारम्भ से ही नन्हे बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दिया जाए, तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। ये उदगार समाजसेवी मोहन सिंह ने आर्य हाई स्कूल थानेसर के जरूरतमंद छात्रों को स्कूल बैग वितरित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने इस विद्यालय के छात्रों का पड़ने व खेलने का जज्बा देख कर खुशी व्यक्त की। इस मौके पर समाजसेवी कपिल गुप्ता ने भी स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए बताया कि इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले कई छात्र आज बड़े बड़े अधिकारी व मंत्री तक बन चुके हैं। इस कार्यक्रम में 35 छात्रों को स्कूल बैग व पानी की बोतलें वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य बलदेव सैनी ने समाजसेवी मोहन सिंह व कपिल गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

## सानिध्य चुने गए हेड बॉय और सिमरन बनी हेड गर्ल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल शाहाबाद में काउंसिल मेंबर के चयन की प्रक्रिया में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक मतदान में भाग लिया। उन्होंने अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट दिया। बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कुल 134 विद्यार्थियों में से 129 छात्रों ने अपने मत का प्रयोग किया। इस प्रकार 96 फीसदी मतदान के साथ विद्यालय के काउंसिल मेंबर के चयन की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान सानिध्य ने 50 वोट प्राप्त करके हेड बॉय, सिमरन ने 58 वोट प्राप्त करके हेड गर्ल, मानव ने 69 वोट प्राप्त करके वॉइस हेड बॉय, कनिष्का ने 73 वोट प्राप्त करके बॉयस हेड (गर्ल), गुरकीरत ने 34 वोट प्राप्त करके स्पोर्ट्स कैप्टन (बॉय), सतनाम ने 71 वोट प्राप्त करके स्पोर्ट्स कैप्टन (गर्ल), अभिनव प्रताप ने 41 वोट प्राप्त करके डिसप्लिनि इंचार्ज (बॉय) और शानवी ने 32 वोट प्राप्त करके डिसिप्लिन इंचार्ज (गर्ल) का स्थान प्राप्त किया। स्कूल के चेयरपर्सन देवेंद्र सिंगला ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की। स्कूल की डायरेक्टर दीपाली सिंघल ने कहा कि इस मतदान प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक व्यवस्था से परिचित करवाना है। चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उनके जिम्मेदार नागरिक बनने में बहुत सहायक होगी। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल संध्या वर्मा ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से बच्चों ने बहुत ही अच्छा अनुभव प्राप्त किया, जो उनके भावी जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## वात्सल्य वाटिका में जन कल्याण के लिए किया श्री सुखमनी साहिब पाठ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी में जन कल्याण हेतु श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ किया गया। श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी सैक्टर-3 द्वारा श्री सुखमनी साहिब का पाठ सुबह 6 बजे आरंभ हुआ और लगभग साढ़े 9 बजे पाठ सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात गुरबाणी कीर्तन किया गया। समापन पर सभी ने श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के समक्ष सरबत के भले हेतु अरदास की। अंत में संगत को लंगर प्रसाद वितरण किया गया। सोसायटी द्वारा वात्सल्य वाटिका संस्थापक स्वामी हरिओम दास परव्रिाजक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश मत्तिल, कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, अवतार सिंह, प्रधानाचार्य गौरव चौधरी, आदि मौजूद रहे।

### 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं के लिए लगाई धारा 163

**कुरुक्षेत्र।** जिलाधीश एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी की ओपन स्कूल परीक्षाओं का आयोजन 11 जुलाई 2024 तक कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। यह परीक्षाएं दोपहर 1.30 बजे से सायं 5.30 मिनट तक आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं को सुचारु रुप से चलाने के लिए परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 धारा 163 लगाने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने जारी आदेशों में कहा है कि परीक्षा के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षाओं का सुचारू रूप से संचालन करवाने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी किए है।

## उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही आज

- मंच 1 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की करेगा सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके।
बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2,8,2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों ; कुरुक्षेत्र अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 8, 15 और 22 जुलाई को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरूपयोग और घातक गैरघातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तिय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि जो कम हैए उपभोक्ता को जमा करवानी होगी।
उन्होंने बताया कि इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालतए प्राधिकरण या फोरम के समक्ष लंबितद्ध नहीं है क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं से अपील करता है कि वे अपनी बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 8, 15 और 22 जुलाइ को यूएचबीवीएन के मुख्यालय विद्युत सदन इंडसट्रियल प्लाट 3 और 4 सेक्टर 14 पंचकूला में प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होने वाली कार्यवाही में सम्मिलित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

## विस 2024 चुनाव भी हमें ऐतिहासिक रूप से जीतना है : ज्ञान चंद गुप्ता

- भाजपा विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित
- केंद्र मे बनाई योजना का लाभ भारत के प्रत्येक नागरिक को मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि हरियाणा विधानसभा 2024 का चुनाव भी हमे ऐतिहासिक रूप से जीतना हैं। हमे गांव गांव जाकर प्रत्येक जन तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्र मे बनाई गई योजना का जो लाभ भारत के प्रत्येक नागरिक को हो रहा है वह बताना हैं। हमे विश्वास दिलाना हैं कि जितनी तेज रफ्तार से काम पिछले 10 वर्षों मे हुआ हैं, उतनी ही दोगुनी रफ्तार से केंद्र और प्रदेश मे होगा। वे भाजपा विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे। यह बैठक जिलाध्यक्ष रवि बतान की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, राज्य मंत्री सुभाष सुधा, डॉ पवन सैनी व कृष्ण बेदी, राहुल राणा मौजूद रहे। बैठक का आरंभ भारत माता, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में सैनिक व अर्धसैनिक बलों के लिए अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ कर सैनिकों का सम्मान बढाया है। वहीं स्वतंत्रता सेनानियों और उनके आश्रितों की पेंशन 25 हजार से बढ़ाकर 40 हजार रुपये की व जुलाई 2024 से आपातकाल सेनानियों की पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये की है। हिंदी आंदोलनकारियों को भी एक जुलाई से 20 हजार रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों, आपातकाल सेनानियों व हिन्दी आन्दोलनकारियों को सम्मान देने के लिए यह कार्यकारिणी भूरी-भूरी प्रशंसा करती है। प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल ने कहा कि पार्टी के प्रदेश कार्यकर्ता मे जोश रहना जरूरी है। कभी होसला कम नही होना चाहिए। हमे उन लोगो तक पहुंचना है और जुड़ना है, जो हमसे जुड़ना चाहते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान ने अनुरोध किया कि अक्टूबर 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने में अपना अहम भूमिका निभाएं, ताकि गरीब, किसान, युवा, महिला व हरियाणा के विकास के लिए भाजपा सरकार निरंतर कार्य करते हुए विकसित भारत बनाने में अपनी भूमिका अदा कर सके। इस बैठक में मुख्य रूप से चेयरमैन धर्मबीर मिर्जापूर, धुम्मन सिंह किरमच आदि मौजूद रहे।

## कार्यशाला के ऑडिशन के लिए आवेदन आमंत्रित

- कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा
- अधिक जानकारी के लिए दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभागए हरियाणा द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य, कथक तथा भरतनाट्यम पर आधारित 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए ऑडिशन नूपुर हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि केवल हरियाणा मूल के युवा उभरते कलाकार, जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष होए भाग ले सकते हैं। इच्छुक आवेदक ई.मेल आर्टएंडकल्चरलअफेयर्सएचआर वीएटजीमेल.कॉम पर आवेदन पत्र भरकर भेज सकते है।
उन्होंने बताया कि शास्त्रीय कथक नृत्य अथवा भरतनाट्यम ऑडिशन में भाग लेने हेतु कोई यात्रा दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा। आवेदन में नाम, विद्या, आयु, जन्म तिथि, स्थान, जिला, पिता का नाम, मोबाइल नंबर, ई.मेल आईडी सहित भेजना होगा। आवेदन के लिए मूल दस्तावेज; आधार कार्ड, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ, कैंसल चैक, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, तथा उनकी प्रतियां साथ लेकर आनी होंगी। कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा। जो कलाकार पूर्व में आवेदन कर चुके हैं, उन कलाकारों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 6239573353, 9728970819 अथवा कलां एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के एससीओ 29ए पहली मंजिल, सेक्टर 7सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़ पर संपर्क कर सकते हैं।

## शिविर में 135 लोगों ने किया रक्तदान

- सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित किया
- शिविर में 160 लोगों ने नाम रजिस्ट्रेशन करवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

सरस्वती मेडिसिन एजेंसी द्वारा स्वर्गीय सुमेर चंद अग्रवाल की चौदहवीं पुण्यतिथि पर अग्रवाल धर्मशाला नजदीक रेलवे रोड में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ रमा के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर के लिए लगभग 160 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 135 लोगों ने शुभेच्छा से रक्तदान किया। परिवार की ओर से शिविर में पहुंचे हुए सभी रक्तदाताओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत समिति के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह परिवार समाज में बहुत बड़ा कार्य कर रहा है। अखिल भारतीय केमिस्ट एंड संगठन के



उपप्रधान अशोक सिंगला ने कहा कि रक्तदान एक महादान है और हमें समाज के लिए यह रक्तदान अवश्य करना चाहिए। समाजसेवी रंजीत गुप्ता ने कहा कि नियमित रक्तदान करने से कई बीमारियों से हमें छुटकारा मिलता है, इसलिए हमें साल में तीन या चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान शिविर के आयोजन में श्री सत्य प्रकाश गुप्ता प्रधान वैश्य अग्रवाल पंचायत, खरैती लाल सिंगला, सुनील गुप्ता, अरुण गुप्ता, अशोक सिंगला, राजेश सिंगला, विनय गुप्ता, मनीष मित्तल, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी से ओम प्रकाश आर्य, डॉक्टर शैली शर्मा, डॉक्टर संजय शर्मा, डॉ नरेश सैनी, जन सहयोग संस्थान से जितेंद्र कुमार का सहयोग रहा।

### छात्रवृति प्रदान करने के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**कुरुक्षेत्र।** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि 1 जनवरी से 2023 से 31 मार्च 2024 तक खेल उपलब्धियों के आधार पर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को नगद इनाम व छात्रवृति प्रदान करते हेतू गत्त वर्षों की भांति इस वर्ष भी आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।
पात्र खिलाड़ी जिला खेल अधिकारी कुरुक्षेत्र कार्यालय द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में 30 जुलाई 2024 तक आवेदन कर सकते है।
अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन पत्र का नमूना खेल विभाग की वेबसाइट हरियाणास्पोटर्स.जीओवी.इन पर उपलब्ध है।

### गांव लुखी में कांग्रेस की नीतियों का किया प्रचार प्रसार

# प्रदेश में चल रही कांग्रेस की लहर : बाबू राम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व डायरेक्टर बाबूराम तुषार ने जनसंपर्क अभियान के तहत शाहबाद हलके के गांव लुखी में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। उन्होंने लोगों को कहा कि अगर हल्के का चंहुमुखी विकास चाहते हैं, तो अपने हलके के प्रत्याशी को चुनने का काम करें, ताकि हल्के का प्रत्याशी हल्के की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कर सके और हमेशा आपके सुख-दुख में साथ रहे। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि आने



शाहबाद। हल्के में जनसंपर्क अभियान चलाते बाबूराम तुषार।

वाला समय कांग्रेस का है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज प्रदेश की जनता की आवाज बने हुए हैं। जिस तरीके से उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूती देने का काम किया है, उससे निश्चित रूप से आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनेगी और एक बार फिर दोबारा से हुड्डा प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग दुखी है और कांग्रेस की ओर राहत के लिए देख रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जात-पात की राजनीति से ऊपर उठ कर हर वर्ग के लिए काम किया है। जिस तरीके से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने 10 साल के शासनकाल में हर वर्ग के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू करने का काम किया और प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने का काम किया। इसके चलते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासनकाल में प्रदेश कई मामलों में नंबर वन था। अगर जनता ने दोबारा भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सत्ता सौपने का काम किया, तो पूर्व की तरह प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रो का विकास होगा। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि अगर वह सही रूप में अपने हलके का विकास चाहते हैं, तो अपने हलके के प्रत्याशी का ही चयन करें क्योंकि हलके के प्रत्याशी को अपने हलके की चिंता रहती है और आसानी से उपलब्ध हो सकता है। इसलिए अब की बार गलती न करें और अपने हलके के प्रत्याशी को जिता कर विधानसभा में भेजें, ताकि विधानसभा में आप द्वारा चुना प्रत्याशी आपकी आवाज और हल्के की मांगों को बुलंदी के साथ विधानसभा मे उठा सके।

## विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच व प्रौद्योगिकी क्षमता में होगी वृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद की उपाध्यक्षा गुरपाशना संधू और उनकी बेटी तारा संधू ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित शिक्षा का परिचय दिया। इस समारोह में छात्रों को इस शिक्षा का महत्व बताया गया कि इसके द्वारा उनकी वैज्ञानिक सोच और प्रौद्योगिकी क्षमता में वृद्धि होगी। साथ ही बताया कि वर्तमान के तकनीकी युग में इस शिक्षा का महत्व अत्यंत आवश्यक है। यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में नई सोच और नवाचार भर सकता है। समारोह में उपस्थित छात्रों और शिक्षकों ने इसे ध्यान से सुना और समझा। छात्रों को मैथ टूल किट के द्वारा समझाया गया। अंत में छात्रों को प्रेरित किया कि वे इस शिक्षा के लाभ को समझें और इसमें भाग लें। इस प्रकार स्कूल की इस पहल के माध्यम से छात्रों के वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण का विकास होने की उम्मीद है।

**खबर संक्षेप**

### रेलगाडी की चपेट मे आने से युवक की मौत

**जींद।** भिवानी रोड रेलवे फाटक पर रेलगाड़ी की चपेट मे आने से युवक की मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। कृष्णा कालोनी निवासी विकास भिवानी रोड रोलवे फाटक को पार करते समय अपने दो दोस्तों से शरारत कर रहा था। उसी दौरान रेलगाड़ी आ गई। दोनों युवक लाइन से हटने में कामयाब हो गए।

### जमीन कब्जाने के आरोप में 20 के खिलाफ केस

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने जमीन कब्जाने,मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का एक मामला दर्ज किया है। गांव नरवल के प्रदीप ने राजोद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 जुलाई को शमशेर सिंह, अजमेर सिंह, अनूप सिंह, जसबीर, महिपाल, राज सिंह, राजेश, ललित, बलबीर, राजू, श्रवण, प्रिंस, बंटी, सुखबीर, शक्ति, समृद्धि, मोनिका, किरण, पुष्पा सहित 20 व्यक्तियों ने उस पर हमला करते हुए उसे घायल कर दिया।

### साइड न देने के विवाद में चार घायल, नौ पर केस

**जींद।** सफीदों में गाड़ी को साइड न देने को लेकर विवाद मे हमला कर चार लोगों को घायल कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रयास भवन धर्मशाला के शिलान्यास के अवसर पर बोले पूर्व गृह मंत्री अनिल विज

# सामाजिक-धार्मिक व पारिवारिक कार्य कर सकें इसलिए छावनी में 145 धर्मशालाएं बनाकर दीं

**पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने टैगोर गार्डन में प्रयास वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा प्रयास भवन धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** भवन का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री अनिल विज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि उन्होंने अंबाला छावनी में 145 विभिन्न धर्मशालाएं बनाकर दी है ताकि लोग अपने सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक कार्य कर सकें। विज रविवार को टैगोर गार्डन में प्रयास वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित "प्रयास भवन₹ धर्मशाला के भूमि पूजन कार्यक्रम में धर्मशाला का शिलान्यास करने के उपरांत आपार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रयास सोसायटी ने इस क्षेत्र में धर्मशाला के निर्माण कार्य की शुरूआत की है जोकि एक बहुत अच्छा प्रकल्प है। उन्होंने बताया कि पूर्व में उन्होंने प्रयास सभा के कार्यक्रम में सभा को अपने कोष से पांच लाख रुपए प्रदान किए थे क्योंकि वह सभा सदस्यों को अच्छी भांति जानते और पहचानते है जोकि समाज सेवा में अग्रणी है। उन्होंने कहा यह संस्था समाज हित में आगे बढ़े और समाज का कार्य करें इसलिए उन्होंने तब पांच लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। ऐसी संस्थाएं शहर की पहचान बनाती है। विज ने कहा कि हम जीवन से बहुत कुछ लेते है और हमें इस जीवन में देना भी चाहिए ताकि हमारा जीवन नदी के पानी की तरह मीठा हो जाए। उन्होंने कहा प्रयास सभा भी लोगों के हितों के लिए बेहतर कार्य कर रही है और लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला रही है। इस अवसर पर प्रयास सभा से प्रधान मंजीव गोयल, सचिव राजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता के अलावा भाजपा नेता जसबीर सिंह जस्सी, विजेंद्र चौहान, श्याम सुंदर अरोड़ा, विशाल टांगरी, दीपक भसीन, भूपेश, आशीष गुलाटी के अलावा अन्य मौजूद रहे। पूर्व मंत्री ने दोपहर सेंट्रल फीनिक्स क्लब में अग्रवाल फैलोशिप क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया और रक्तदाताओं को बैच व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अग्रवाल फैलोशिप क्लब अम्बाला छावनी की पहचान है जोकि सेवा के कार्य में हर समय अग्रणी रही है। हमें ईश्वर के बनाए लोगों के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा फैलोशिप क्लब के सदस्य अपना समय निकालकर लोगों के लिए कुछ करते है और उनके चेहरों पर मुस्कान लाते है। विभिन्न सामाजिक कार्य क्लब द्वारा किए जा रहे हैं जोकि सराहनीय है। उन्होंने कहा समाज दुख-तकलीफ में है तो उसका असर सभी पर पड़ता है, इसलिए लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना भी जरूरी है और क्लब के प्रयास हमेशा समाज हित में रहे हैं। उन्होंने कहा क्लब द्वारा लगातार रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं और क्लब पर परमात्मा की विशेष कृपा है। उन्होंने कहा आज रक्तदान महादान है। रक्तदान शिविर आयोजित कर लोगों को रक्त उपलब्ध कराना यह एक बहुत बड़ा कार्य है। रक्त का रंग अमीर-गरीब में एक है और यह इंसान को आपस में जोड़ता है। क्लब रक्तदान शिविर आयोजित कर लोगों के जीवन को सार्थक कर रहा है। इस अवसर पर क्लब से ऋषि गुप्ता, राजेश गुप्ता, अमन अग्रवाल, अमित अग्रवाल सहित भाजपा नेता संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, सुरेंद्र तिवारी, आशीष अग्रवाल, प्रवेश शर्मा, सुभाष शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## कई युवाओं ने भाजपा का दामन थामा

- बोले विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** भाजपा में शामिल युवाओं का अभिनंदन करते पूर्व मंत्री विज।

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर रविवार को ग्रामीण व अन्य क्षेत्रों से युवाओं ने भाजपा नेता रवि जाट के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। विज ने सभी को पार्टी के पटके पहनाकर उनका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि "गांव-गांव जाएंगे, कमल का फूल खिलाएंगे" के नारे जोशीले अंदाज में लगाए। इस मौके पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि पार्टी में शामिल हुए युवाओं का जोश व विश्वास देखकर पूरी तरह से लगता है कि पूरा क्षेत्र भाजपामय होगा। उन्होंने युवाओं को डटकर पार्टी के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा युवा पार्टी की रीढ़ है और उनके पार्टी में शामिल होने से भाजपा और मजबूत होगी। इस अवसर पर रवि जाट ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से सुजल सिंह, आरयन, दीपांशु, नितिन, केशव गुप्ता, प्रियम जैन, वीरेंद्र, गुरकीरत, प्रथम कन्नौजिया के अलावा भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ में अर्जुन मिश्रा, अंकुश मिश्रा, अजय शंकर, सत्यम मिश्रा, विकास चौहान, दीपक चौहान, विकास मिश्रा, अंकित मिश्रा, शिवम मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, दीपक गुप्ता, सूरज गुप्ता, मनीष साहनी, पंकज कुमार, अर्पित मिश्रा, केशव कुमार, शिव रतन दुबे, अवदेश, मनीषपाल, अभिषेक पासी, धर्मेंद्र शर्मा, रीना दुबे, हिमांशु कुमार व सूरज राणा ने सैकड़ों युवाओं सहित भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर भाजपा नेता किरणपाल चौहान, बीएस बिंद्रा, सुरेंद्र तिवारी, आशीष अग्रवाल, प्रवेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## अब नहीं चलने देंगे केंद्र की तानाशाही

- सांसद वरूण चौधरी बोले मेरी जीत का श्रेय अंबाला लोकसभा के तमाम पार्टी कार्यकर्ताओं को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


**मुलाना।** कार्यकर्ताओं के साथ सांसद वरुण चौधरी। फोटो : हरिभूमि

अंबाला लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद वरुण चौधरी ने रविवार को रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की। चौधरी ने अंबाला लोकसभा सीट पर हुई जीत का श्रेय जनता को दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत आप सभी लोगों की जीत है। सभी ने जी जान से मेहनत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह देश की संसद में अंबाला लोकसभा की आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार एक मजबूत विपक्ष है जो कि सरकार के विरुद्ध आवाज उठाने का काम करेगा। अब मजबूत विपक्ष सरकार की तानाशाही नहीं चलने देगा। उन्होंने प्रदेश सरकार भी हमला किया, उन्होंने कहा कि सरकार जनता का मन भांप चुकी है कि जनता इस सरकार को हटाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार अब झूठी घोषणाएं करने में लगी है। सांसद वरुण ने कहा कि अब उन की जम्मिेदारी पहले से अधिक हो गई है। अब उन का हल्का बहुत बड़ा है। कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता कर चौधरी ने मुलाना में हुए कुछ लोगों के निधन पर उन के परिजनों से मिल सांत्वना प्रकट की। इस दौरान उन के साथ कांग्रेस के वरष्ठि नेता कर्ण राणा, दिनेश गोयल,जीवन सहगल, राजेंद्र बुडियों, शामलाल,जसमेर राणा, लवनेश, शुभम जैन, राहुल मेहरा, अमीर चंद,रणजीत सिंह, शुभम स्यान, ज्ञानी चेहल ,मुकेश कुमार, अनिल शर्मा, रवन्द्रि ,विजय मास्टर,मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 100 दिनों में खोलेंगे भाजपा सरकार की पोल

- पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला बोले 3 महीने में निर्णायक परिवर्तन लाने के लिए अथक मेहनत करें कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान मंचासीन पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व अन्य।

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आने वाले 100 दिनों में जननायक जनता पार्टी भाजपा सरकार और कांग्रेस की पोल खोलने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि गांवों-शहरों में जेजेपी कार्यकर्ता ना केवल संगठन मजबूती पर काम करेंगे बल्कि पलटू प्रदेश सरकार और कांग्रेस के खिलाफ पोल खोलो अभियान भी चलाएंगे। पिछले दिनों राज्य सरकार ने पिछली सरकार के कई फैसलों पर यू-टर्न लेकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की है। वे जेजेपी जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिशा निर्देश दिए और कहा कि 3 महीने में निर्णायक परिवर्तन लेकर आना है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में मजबूती के साथ आगे बढ़ने की ताकत जेजेपी कार्यकर्ताओं के पास है। हमें हिम्मत और हौसले के साथ एक-दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा सरकार को अल्पमत में बता रहा थे और हम सबने राज्यपाल से फ्लोर टेस्ट की मांग भी की थी, लेकिन आज राज्यसभा चुनाव की उम्मीदवारी को लेकर भूपेंद्र हुड्डा की घबराहट दर्शाता है कि कांग्रेस और भाजपा में सांठगांठ है।


**अंबाला।** शूटर सरबजोत सिंह से मुलाकात करते पूर्व मंत्री अनिल विज व अन्य।

## ओलंपिक के लिए शूटर सरबजोत को स्वर्ण पदक की शुभकामनाएं

- पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने शूटर सरबजोत सिंह से फीनक्सि क्लब शूटिंग रेंज में की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शूटर सरबजोत सिंह का पेरिस ओलंपिक के लिए चयन हुआ है। अब वे फीनिक्स क्लब की शूटिंग रेंज में प्रैक्टिस कर रहे हैं। पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज रविवार को खुद सरबजोत सिंह से मुलाकात करने पहुंचे। सेंट्रल फीनक्सि क्लब में शूटिंग रेंज की स्थापना विज के प्रयासों से हुई थी। विज ने क्लब की शूटिंग रेंज में पहुंच शूटर सरबजोत सिंह को पैरिस ओलंपिक के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश व देश के लिए यह गौरव के क्षण है कि जिले के होनहार खिलाड़ी ने ओलंपिक के लिए क्वॉलीफाई किया है। उन्होंने खिलाड़ी की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सरबजोत सिंह से हमें उम्मीद और हमारी शुभकामनाएं है कि वह ओलंपिक खेलों में देश लिए स्वर्ण पदक जीतकर आएंगे। इससे पहले सरबजोत सिंह ने प्रतियोगिता के लिए पूर्व गृह मंत्री अनिल विज से आशीर्वाद लिया। मौके पर सेंट्रल फीनक्सि क्लब के चेयरमैन विकास चोना के अलावा सरबजोत सिंह के कोच अभिषेक राणा एवं अन्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि सरबजोत सिंह का पैरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पस्टिल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था और आगामी दिनों में वह पैरिस के लिए रवाना होगा।

कोच अभिषेक राणा ने बताया कि सरबजोत ने सभी ओलंपिक ट्रायल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में आयोजित ओलंपिक में सरबजोत देश के लिए निशानेबाजी में गोल्ड मेडल के लिए निशाना लगाएगा। सरबजोत सिंह गांव धीन का रहने वाला है। उनके पिता किसान है।

## नेशनल हाइवे पर 500 पौधे लगाने की मुहिम शुरू

- सेवा सभा खुद करेगी पौधों की देखभाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


पौधारोपण करते मंच के पदाधिकारी।

सनातन मंच सेवा सभा द्वारा अंबाला शहर के कालका चौक से मंजी साहिब गुरुद्वारा तक 500 वृक्ष लगाने की मुहिम चलाई गई है। इस मुहिम के तहत मंच द्वारा मंजी साहिब गुरुद्वारा, नेशनल हाईवे पर 10 पौधे ट्री गार्ड सहित लगाए गए। इससे पूर्व मंच के प्रधान देवेंद्र शर्मा और सचिव महेश दत्त वशष्ठि ने रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार सुदर्शन सिंह सहगल व सरदार टीपी सिंह का बुके देकर स्वागत किया। उनके कर कमलों से पौधरोपण की शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि मंच द्वारा कालका चौक से मंजी साहिब गुरूद्वारा तक 500 वृक्ष लगाए जा रहें हैं। ये पेड़ शहीदों के नाम से लगाए जाएंगे और हर पेड़ पर शहीदों के नाम लिखे जाएंगे। इन पेड़ों के रखरखाव बारे बात करते हुए उन्होंने बताया कि सनातन मंच के सदस्य अपने बच्चों की तरह इन पेड़ों की देखभाल करेंगे। माली भी उनकी देखरेख करने के लिए रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन मंच सेवा सभा परिवार मिलजुल कर काम करने में वश्विास रखता है। इस अवसर पर देवेंद्र शर्मा, सुमित बजाज, गैरी, बंसी लाल कपूर, गौरव शर्मा, मादेव शर्मा, जुगल किशोर, पूनम शर्मा समेत गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सीएम विंडो पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं, बिजली की तारों से नुकसान का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराडा

- गांव तंदवाल के व्यक्ति ने जल्द समस्या हल करने की गुहार लगाई

गांव तंदवाल के व्यक्ति ने अपने खेतों में से गुजर रही बिजली की तारों को हटाने के लिए सीएम विंडो पर शिकायत दी थी लेकिन अभी तक भी बिजली विभाग ने उस पर कार्रवाई नहीं की। शिकायतकर्ता गौतम ने शिकायत में कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी ने उसकी अनुमति के बिना ही उनके खेत से बिजली की तार निकाल दी जबकि उनके पास बिजली का पोल लगाकार साईड से तार निकाल देने का विकल्प भी मौजूद था। जब उसने बिजली कर्मचारी को इस बारे में कहा तो उन्होंने कहा कि तुमसे जो होता है वो कर लो। शिकायतकर्ता ने कर्मचारी की शिकायत सीएम पर विंडो पर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने 24 जून 2024 को सीएम विंडो पर शिकायत दी थी लेकिन अभी तक भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने अंदेशा जताया कि इस तार से आने वाले दिनों में गंभीर खतरे हो सकते है क्योंकि यह तार काफी नीचे लटक रही है। शिकयतकर्ता ने सीएम नायब सैनी से जल्द समस्या के हल किए जाने की गुहार लगाई है।

### मकान विवाद में महिला से मारपीट, छह नामजद

**जींद।** श्याम नगर में महिला के साथ मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्याम नगर निवासी सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने वर्ष 2023 मे उत्तमचंद से मकान खरीदा था। जिसका ब्याना दिया जा चुका था। बाद में उत्तमचंद ने मकान की रजिस्ट्री करवाने से मना कर दिया। गत दिवस वह अपनी बेटी से मिलने गई हुई थी। शाम को घर वापस लौटी तो उत्तमचंद कुछ लोगों को साथ लेकर आया हुआ था। मकान का ताला टूटा हुआ था। काफी सामान गायब था। जब गायब सामान के बारे में पूछा तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे काफी चोटें आई। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपितो ने उसके साथ अश्
गाली गलौज भी की। शहर थाना पुलिस ने सुनीता की शिकायत पर उत्तमचंद, काकू, गन्नू, प्रवीन, प्रेम, सिमरन को नामजद कर दो-तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**सहानुभूति** हिंदू नेता पर तलवारों से हमला करने वाले निहंगों की जमकर की आलोचना

# एंटी टेररिस्ट फ्रंट ऑफ इंडिया ने हमले में जख्मी हिंदू नेता के बेटे को किया सम्मानित, 21 हजार की आर्थिक मदद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** हिंदू नेता संदीप के बेटे को सम्मानित करते वीरेश शांडिल्य। फोटो : हरिभूमि

एंटी टेरेस्टि फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वश्वि हिंदू तख्त के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य रविवार को लुधियाना में संदीप थापर का हालचाल पूछने पहुंचे। पिछले दिनों कट्टरपंथी निहंगों ने तलवारों से संदीप पर हमला कर मौत के घाट उतारने की साजिश रची थी। शांडिल्य ने 21 हजार की आर्थिक मदद संदीप थापर को दी। शांडिल्य ने थापर व उनके बेटे ईशान को भगवा पटका देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पंजाब में उसी दिन आतंकवाद की शुरूआत हो गई थी जब फरीदकोट से प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे सर्बजीत खालसा और खंडूर साहिब से खालिस्तानी व आईएसआई के एजेंट अमृतपाल सिंह सांसद चुने गए थे। शांडिल्य ने कहा कि क्या अब निहंगों की तलवारें दसवें गुरु को बदनाम करते हुए हिंदू समाज के खून से लाल की जाएंगी उन्होंने कहा कि निहंगों के बाणे में हथियार, बंदूकें, तलवारें उठाकर चलने वाले निहंग अपनी समस्त कौम को भी बदनाम कर रहे हैं। जिस तरह इंदिरा गांधी की हत्या कर पूरी सिख कौम को बेअंत सिंह ने बदनाम किया था। देश की प्रधानमंत्री सुरक्षा कर्मी धोखे से खाकी वर्दी में सरकारी हथियार से प्रधानमंत्री की हत्या कर दे इससे बड़ा धोखा न प्रधानमंत्री से हो सकता है, न देश से हो सकता है, न संविधान से हो सकता है। बेअंत सिंह में दम था नौकरी छोड़कर इंदिरा गांधी को मौत के घाट उतारने का ऐलान करता। उन्होंने कहा कि उनका संगठन ब्लू स्टार का हिमायती नहीं है लेकिन वह फैसला देश के प्रधानमंत्री ने लिया था उसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ी जा सकती थी। शांडिल्य ने कहा कि यह पहला मौका नहीं जब निहंगों ने मौत के तांडव किए इससे पहले पटियाला में खाकी पर हमला करते हुए सब इंस्पेक्टर हरजीत सिंह का निहंग ने हाथ काट दिया। गुरुद्वारे की आड़ में पुलिस पर हमला बोला यही नहीं कुंडली बॉर्डर पर एक व्यक्ति को टांगे बाहें काटकर मौत के घाट उतार निहंगों ने लटका दिया। पंजाब का हन्दिू असुरक्षित है, दहशत में है और फिर पंजाब में आतंकवाद सिर उठा चुका है अब देश के गृह मंत्री को पंजाब में 370 जैसा फैसला लेना होगा। जिस पंजाब के मुख्यमंत्री की एंटी टेरेस्टि फ्रंट इंडिया ने सराहना की थी खून की एक बूंद नहीं गिरने दी और अमृतपाल को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया लेकिन अब वही मुख्यमंत्री व उनकी पुलिस पंजाब के हन्दिू नेताओं की सुरक्षा को हवा में ले रही है। इस मौक़े पर अनिल शर्मा, अशोक कांडा, ईशान शर्मा, प्रिंस भल्ला, मुकुल गोयल, एडवोकेट वासु रंजन, हरबंस सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।